निधन से देश में एक महान स्वतंत्रता सेनानी खो दिया है । मैं अपनी ओर से, सम्पूर्ण सदन की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शांति और सद्गति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को इस गहरे आघात को सहने की क्षमता और धैर्य प्रदान करे तथा साथ ही आप से भी प्रार्थना करता हूं कि हमारी ये शोक-संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

मान्यवर, एक और भूतपूर्व सदस्य श्री बाबू लाल गोयल भी हमारे बीच में नहीं रहे । उनका निधन 10 जून, 1998 को आगरा में हो गया था । वे 77 वर्ष के थे । 2 जनवरी, 1921 को आगरा में उनका जन्म हुआ और 1991 के मध्यावधि चुनाव में वह इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे । बड़े प्रसिद्ध समाजसेवी थे, कई शिक्षण संस्थाओं से उनका बड़ा गहरा लगाव था, जमीन की राजनीति करने वाले थे, अपने क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय थे, व्यवहार कुशल थे और मृदुभाषी थे । आज एक ऐसे नेता को खोकर समाज को भारी क्षति हुई है । मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शांति और सद्गति दे तथा उनके शोकाकुल परिवार को इस गहरे दुःख को सहने की क्षमता दे और साथ ही आपसे भी प्रार्थना है कि उनके शोकाकुल परिवार तक हमारी ये शोक-संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

* नेता, विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, मैं माननीय नेता सदन के विचारों से अपने को सम्बद्ध करते हुए आगे की कड़ी में कहना चाहता हूं कि श्री गौरी भइया जिनका पूरा नाम श्री गौरी शंकर भइया था परन्तु वह इस सदन के अन्दर व बाहर गौरी भइया के नाम से ही जाने जाते थे, हमारे साथ कई बार इस सदन के सदस्य रहे । बड़े संघर्षशील, विवेकशील और विधान सभा की कार्यवाही में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं ।

वह अल्प आयु में ही हमसे विदा हो गये और एक दुर्घटना के तहत स्वर्गवासी हुए । यदि वह हमारे बीच में आज होते तो निश्चित रूप से इस सदन, समाज, प्रदेश को बहुत कुछ अपने मूल्यवान विचार देते और समाज को लाभान्वित करते । लेकिन विधाता को शायद यह मंजूर नहीं था और वह हमसे अलग हो गये । लेकिन जो विचार उन्होंने छोड़े हैं, जो कार्य उन्होंने किये हैं वह हमेशा बलिया जनपद और प्रदेश याद करता रहेगा । वे इस माननीय सदन के पांच-बार सदस्य रहे । इससे यह साबित होता है और स्वयं सिद्ध है कि वे एक लोकप्रिय नेता थे और खासतौर से किसानों और मजदूरों के नेता थे । उनकी लड़ाई के लिए उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उनकी समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके निराकरण में सदैव प्रत्यनशील रहते थे । निश्चित ही उनके निधन से हमारा प्रदेश उनके अमूल्य सुझावों से वंचित रहेगा और सारे बलिया जनपद और प्रदेश को उनकी सेवाओं से वंचित रहना पड़ेगा । श्रीमन्, मैं अपनी ओर से, अपने दल और इस माननीय सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शास्वत शांति प्रदान करे और उनके परिवारीजन को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने शोकोद्गार अर्पित करते हुए आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि उनके शोक-संतप्त परिवार तक हमारी यह शोक-संवेदनाएं पहुंचाने का कष्ट करें । श्रीमन्, दूसरे माननीय सदस्य, स्व० श्री विचित्र नारायण शर्मा जो आज हमारे बीच में नहीं हैं वे भी इस माननीय सदन के चार बार सदस्य रहे और एक बार विधान परिषद् के सदस्य रहे । विधान सभा और विधान

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

परिषद् को अपने अमूल्य सुझावों से लाभान्वित करते रहे और साथ ही साथ मंत्री पद पर रहकर प्रदेश को एक दिशा निर्देशन देते रहे । उन्होंने बचपन से ही देश की आजादी में हिस्सा बढ़-चढ़कर लिया और कई बार वह जेल भी गये और उनकी त्याग और तपस्या से हमारा देश और प्रदेश लाभान्वित हुआ, आजादी मिली । आजादी मिलने के पश्चात् उन्होंने समाज और विधान सभा को अपने बहुत से अमूल्य सुझाव दिये । मैं यहां पर यह निश्चित तौर से कह देना चाहता हूं कि ऐसा त्यागी और तपस्वी व्यक्ति यदि हमारे समाज में उभरकर सामने नहीं आया होता और इस देश में पैदा न हुआ होता तो निश्चित तौर से हम गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहते और आजादी हमको नहीं मिलती ।

मैं यहां पर यह कह देना चाहता हूं कि उनका त्याग, तपस्या और बलिदान भावी पीढ़ी को नई दिशा देती रहेगी और भावी पीढ़ी उनके पद चिन्हों पर चल कर आगे बढ़-बढ़ कर हिस्सा लेती रहेगी । इन्हीं शब्दों के साथ मैं स्वर्गीय विचित्र नारायण शर्मा जी के प्रति स्वयं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से शोक-संवेदना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवारजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे । मैं आपसे निवेदन करता हूं कि उन के परिवारजनों तक हमारी शोक-संवेदनायें भिजवाने की कृपा करें ।

दूसरे माननीय सदस्य श्री विश्वम्भर नाथ जी पाण्डेय जो इस विधान सभा के एक बार सदस्य रहे और विधान परिषद् के एक बार सदस्य रहे और तीन बार राज्य सभा के सदस्य रहे हमारे बीच में नहीं रहे । इस तरह से उन्होंने देश और प्रदेश की अपने विचारों से बहुत बड़ी सेवा की । श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी उस पीढ़ी के व्यक्ति थे, जिस पीढ़ी के स्वर्गीय गांधी जी, स्वर्गीय नेहरू जी और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । देश की आजादी के लिये उन्होंने सर्वस्व त्यागा और इन्हीं सेवाओं के कारण ही वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे । दूसरे प्रदेश उड़ीसा में राज्यपाल भी रहे । इससे स्पष्ट है कि वह बहुत बड़े समाजसेवी, विद्वान और कुशल नेता थे और देश के प्रति अपने को न्योछावर कर लिया था । मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से तथा समस्त सदन की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और साथ ही साथ यह भी चाहता हूं कि उनके शोक-संतप्त परिवारजनों को इस दुख को सहन करने का धैर्य प्रदान करे । मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरी शोक-संवेदनायें उनके परिवारजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्रीमन्, अगली कड़ी में हमारे विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य रहे हैं, श्री बाबू लाल जी, वे आगरा के निवासी थे और उनका जन्म 1921 में हुआ था । वे 77 वर्ष के थे । श्री बाबू लाल जी वर्ष 1977 में इस भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर इस विधान सभा में चुनकर आये थे और इस सदन में अपने अमूल्य सुझाव दिये, जो आज भी कार्यवाही में अंकित होंगे । उन्होंने समाज के लिये और देश के लिये और सारे विश्व को ऐसा सन्देश दिया है जो त्याग से भरा पड़ा है । उन्होंने कई मंदिरों को निःशुल्क पत्थर दिया और कई मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया ।

इस तरह से वह राजनीति, धर्म और समाज तीनों से जुड़े थे और इन तीनों से जुड़े रहकर उन्होंने देश और समाज की बहुत बड़ी सेवा की । इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा । आने वाली पीढ़ी उनके त्याग, तपस्या और दान से शिक्षा लेगी ।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी संवेदना और अपने दल की संवेदना सदन के माध्यम से प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे । इन शब्दों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये आपसे निवेदन करता हूं कि उनके शोक-संतप्त परिवार तक हमारी भावना पहुंचाने की कृपा करें ।

*श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

मान्यवर, मैं नेता सदन एवं नेता प्रतिपक्ष की भावनाओं से अपने को सम्बद्ध करते हुये कहना चाहता हूं कि श्री गौरी शंकर भइया जो अपने कार्यों से इतने लोकप्रिय थे कि वह हम सब के बीच में भइया के नाम से जाने जाते थे, वह आज हमारे बीच नहीं रहे और बहुत ही युवा अवस्था में ही उनका निधन हो गया। वह चार बार अपनी इस छोटी आयु में इस विधान सभा में सदस्य होकर पहुंचे थे और वह अपनी बातों को सदन के अन्दर और सदन के बाहर दोनों जगह बखूबी उठाते रहे। 1977 में जे० पी० आन्दोलन में पहली बार युवा शक्ति के रूप में थोड़े से समय में ही प्रकट हुये और ख्याति प्राप्त की। वह जनसमस्याओं के लिये कई बार जेल भी गये। वह तमाम समितियों के सदस्य भी रहे और साथ ही साथ उ० प्र० सरकार में मंत्री भी रहे। आज उनका अभाव हम सब को खल रहा है। हम सब भइया जी के निधन से दुखी हैं। इस अवसर पर मैं अपनी ओर से और बहुजन समाज पार्टी की ओर से उनके प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हम सबकी भावनाओं को उनको शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

इसी क्रम में हमारे दूसरे वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विचित्र नारायण शर्मा जी जो अपनी अधिकतम आयु के दिनों का सुअवसर प्राप्त कर 101 वर्ष की लम्बी उम्र जीने के बाद हमारे बीच नहीं रहे। माननीय शर्मा जी गांधीवाद विचारक थे।

और गांधी जी के साथ रहकर छात्र जीवन से ही स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में कूदे थे। आजादी की लड़ाई के लिये कई बार जेल भी गये। तीन बार माननीय सदन के सदस्य भी रहे और सन् 47-52 तक विधान परिषद् के भी सदस्य रहे तथा सबसे बड़ा योगदान शर्मा जी का गांधी जी के विचारों के होने के नाते रहा और खादी उद्योग से जुड़े रहने के नाते रहा। खादी के परिपेक्ष्य में उनके द्वारा जो किया गया योगदान है वह अविस्मरणीय है और इस परिपेक्ष्य में हम ऐसे वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और माननीय सदस्य के निधन पर अपनी ओर से और अपने समस्त बहुजन समाज पार्टी के माननीय सदस्यों की ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी भावनाओं को श्री शर्मा जी के परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

मान्यवर, इसी परिपेक्ष्य में दूसरे वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी जो इलाहाबाद के रहने वाले थे, उन्होंने सीधे नेहरू और गांधी जी के सानिध्य में सामाजिक राजनीतिक कार्यों की शुरूआत की और आजादी की लड़ाई में कई बार गांधी जी के साथ जेल भी गये और 1952 में इस माननीय सदन के सदस्य रहे, 72-74 तक विधान परिषद् के भी सदस्य के रूप में अपनी आवाज को सदन के माध्यम से उठाने का काम किया। तीन बार राज्य सभा के माननीय सदस्य रहे और 2-2 प्रदेशों में माननीय राज्यपाल के रूप में भी कार्य करने का मौका माननीय पाण्डेय जी को मिला और आज स्वाभाविक है कि ऐसे वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिनका योगदान प्रदेश को ही नहीं बल्कि देश को भी मिला उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। इस दुखद बेला पर हम अपनी ओर से, अपने बहुजन समाज पार्टी के सभी माननीय सदस्यों की ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करते हैं और आपसे अनुरोध है कि हम सबकी भावनाओं को श्री पाण्डेय जी के परिवार तक प्रेषित करने का कष्ट करें।

मान्यवर, इसी क्रम में हमारे एक दूसरे माननीय सदस्य श्री बाबू लाल गोयल जी जो 1991 में इस माननीय विधान सभा के सदस्य के रूप में चुनकर के आये थे, आज हमारे बीच में नहीं हैं। विशेष रूप से उनके निधन से आगरा में जो अभाव वहां के लोगों में आया है वह हम सब के लिये ऐसा दुखद है। हम सभी आज उनका अभाव महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति मे हम अपने माननीय सदस्य के निधन पर अपनी ओर से और अपने सभी बहुजन समाज पार्टी के माननीय सदस्यों की ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी इस शोक संवेदना को, हमारी भावनाओं को उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

लघु सिंचाई ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

माननीय अध्यक्ष जी, श्री गौरी शंकर भइया ने बलिया के सागर पाली गांव में 1950 में जन्म लिया था। वे एम० ए०, बी० एड० की परीक्षा पास करके सामाजिक जीवन में लग गये। लोक नायक जय प्रकाश जी के आन्दोलन में उनकी अग्रणी भूमिका रही। उसी आन्दोलन से प्रभावित होकर वे राष्ट्रीय राजनीति की धारा में प्रवेश किये। गौरी शंकर भइया का जीवन इतना सरल था कि वे लखनऊ में जब तक विधायक रहे वे अपने ही हाथ से भोजन पकाकर खाते थे। हम लोग उनके आवास रायल होटल में जाते थे तो वे अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाते थे। हम लोग मना करते थे कि जितने विधायक होते थे सब मना करते थे लेकिन सहज भाव से जब खाना बनाते थे तो चाय अपने हाथ से बनाकर पिलाते थे। विधायक के रूप में इस सम्मानित सदन में वे अग्रणी भूमिका निभाते थे। पूर्वांचल में सरल स्वभाव के अत्यन्त कुशाग्र बुद्धि के वे नेता थे। बहुत दिनों तक श्री चन्द्र शेखर जी, भारत के भूतपूर्व प्रधान मंत्री के निकट रहे और इस विधान सभा के सदस्य न रहने पर भी उनके साथ जनप्रतिनिधि के रूप में निरन्तर जनता के बीच में रहे। माननीय मुलायम सिंह जी के मंत्रिमण्डल में भी सम्मानित मंत्रि-परिषद् के सदस्य भी थे। मान्यवर, गौरी शंकर भइया इस विधान सभा के चार बार सम्मानित सदस्य रहे और उनके व्यवहार से पूर्वांचल के विशेष रूप से जो विधायक थे प्रभावित रहे। किसी भी कार्य के लिये जब भी उनको कोई याद करता था चाहे जो भी समय हो वे चल देते थे। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं। हम लोगों की बड़ी प्रबल इच्छा थी कि उनके अंतिम संस्कार में शामिल हों। हमारे साथियों ने बड़ा प्रयास भी किया लेकिन नहीं जा सके। इस बीच अनेक साथियों ने उनके यहां जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं। मान्यवर, मैं उनके प्रति अपना श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके शोक-संतप्त परिवार को इस गहरे दुःख को सहन करने की शक्ति ईश्वर दे। आपसे अनुरोध है कि हमारे तथा हमारे दल की शोक संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मान्यवर, श्री विचित्र नारायण शर्मा जी का नाम तो हमने सुना था परन्तु देखा नहीं। वे इस सदन के सम्मानित सदस्य रहे हैं अनेकों बार मंत्रि-परिषद् के सदस्य थे। उनके विषय में कहा जाता था कि वे मंत्रि-परिषद् के सदस्य के रूप में आते थे तो वे रिक्शे से आया करते थे। कहां तक सत्य है हम जानते तो नहीं हैं लेकिन लोग कहा करते थे। जो भी खादी वस्त्र का प्रेमी है, खादी वस्त्र पहनाता है, वह खादी आश्रम में जाता है, तो विचित्र नारायण शर्मा जी की उसे याद आती है। वह विचित्र भाई के नाम से जाने जाते थे। उनका स्वतंत्रता संग्राम के आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान था। आज वह हमारे बीच में, 101 वर्ष की आयु में, नहीं रहे। मान्यवर, हम उनके प्रति अपने दल और अपनी ओर से अपने हृदय की गहराई से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मैं अपने दल तथा अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आप से अनुरोध करता हूं कि उनके परिवार तक हमारा शोक-संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें।

मान्यवर, स्व० श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी को मुझे नजदीक से देखने का अवसर मिला है । वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अग्रिम पंक्ति के नेता थे । मैंने कांग्रेस में उनकी निष्ठा को देखा है और वर्ष 1980-81 में जब वह कांग्रेस के अध्यक्ष थे तो समाचार पत्रों में बहुत दिनों तक उनकी चर्चा होती रही थी । माननीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जब मुख्य मंत्री थे और वह कांग्रेस की बैठक में एक बार विलम्ब से पहुंचे तो श्री पाण्डेय जी ने उन्हें कड़ी डांट लगाई थी । इसलिए उनके कड़े स्वभाव की चर्चा समाचार-पत्रों में होती थी । वह कड़े स्वभाव के लिये जाने जाते थे । मुझे याद है श्री घनश्याम जी महासचिव थे तो उनकी हिम्मत नहीं थी कि श्री पाण्डेय जी के कमरे में चले जायें क्योंकि वह कड़े स्वभाव के थे । मान्यवर, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को उन्होंने लिखने का प्रयास किया था और काफी हद तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास उन्होंने लिखा । मान्यवर, वह उड़ीसा के राज्यपाल भी रहे थे और वह एक इतिहासकार के रूप में जाने जाते हैं । आज वह हमारे बीच में नहीं हैं । हम उनके प्रति अपनी ओर से और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके शोकाकुल परिवार तक हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

मान्यवर, श्री बाबू लाल गोयल जी वर्ष 1991 में इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे थे । उनका राजनीतिक जीवन ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख के रूप में लगातार ग्रामीण अंचल की सेवा में लगा रहा । वह एक प्रखर वक्ता थे । आज वह हमारे बीच में नहीं हैं । अपनी हृदय की गहराई से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मेरा आपसे अनुरोध है कि उनके शोक-संतप्त परिवार तक हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री प्रमोद कुमार–

माननीय अध्यक्ष महोदय, स्व० गौरी शंकर भइया, स्व० विचित्र नारायण शर्मा स्व० विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी एवं स्व० बाबू लाल गोयल के निधन के संबंध में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जो विचार अभी माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल एवं माननीय अन्य दलों के नेताओं ने यहां व्यक्त किये हैं उनसे मैं अपने और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, यह सभी सदस्य विधान सभा के सदस्य रहे थे और उन्होंने अपने जीवन में समाज और प्रदेश की सेवा में बहुत बड़ा योगदान दिया था । मान्यवर, श्री गौरी शंकर भइया के साथ मुझे लम्बे समय तक रहने का मौका मिला है । उनका जीवन बड़ा तेजस्वी था । उनमें एक गुण यह भी था कि दल से ऊपर उठकर वह सदन के सभी साथियों के साथ एक ऐसा रिश्ता बनाकर रखते थे जिससे उनका अभाव व्यक्तिगत रूप से अखर रहा है । उनका अभाव व्यक्तिगत रूप से मुझे खटक रहा है । श्री विचित्र नरायण शर्मा जैसे महापुरुष ने देश की आजादी की लड़ाइयां लड़ीं जब देश आजाद हो गया तो देश के नव-निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई । अपना समस्त जीवन स्वदेश के लिए खादी के प्रचार प्रसार के लिए अर्पित कर दिया । उनका जीवन एक आदरणीय अनुकरणीय जीवन है जो यह साबित करता है कि सादा जीवन उच्च विचार रखकर महापुरुष इस देश में भूमिका निभाने के लिए आते हैं और जब वह जाते हैं तो जो रिक्तता छोड़कर जाते हैं वह पूरी नहीं होती है । विचित्र नारायण शर्मा जी कुशल प्रशासन, प्रखर व्यक्तित्व के कांग्रेस के समर्पित सिपाही थे । उन्होंने अपना सारा जीवन देश को आजाद कराने में लगा दिया । पंडित जवाहर लाल नेहरू जी और इंदिरा गांधी जी के साथ इन्होंने देश के नव निर्माण में भूमिका निभायी । यह इलाहाबाद के प्रथम मेयर रहे । इनके समय में कहा जाता था पानी की आपूर्ति इन्होंने ही सुनिश्चित

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

कराई थी । इस प्रकार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया । श्रीमन्, हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदनायें उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री कौकब हमीद–

मान्यवर, गौरी शंकर भइया जी इस सदन के चार बार मेम्बर रहे उनको व्यक्तिगत रूप से जानने का मौका मिला और उनकी कमी रहेगी अब उनसे मुलाकात नहीं हो पाएगी । श्री विचित्र नारायण शर्मा जी उन महापुरुषों में से थे जिन्होंने यह देश आजाद कराया और देश का नव निर्माण कराया । वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । आजादी की लड़ाई के बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन गांधी आन्दोलन के साथ खादी आन्दोलन के साथ गुजार दिया, श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी के दर्शन हुए थे, उनसे मुलाकात हुई थी । उनसे बात करके पता लगता था जैसे आप किसी एक इतिहास के पन्ने टटोल रहे हैं मैं जातीय तौर पर मानता हूं वह बड़े इतिहासकार थे उन्होंने कुछ रचनाओं में बातें बताई हैं वह आमतौर पर हर इतिहासकार नहीं बताता है । श्री बाबू लाल गोयल जी यहां के एक बार मेम्बर रहे उन्होंने अपने कार्य का निर्वाह किया मैं अपने दल की ओर से और अपनी ओर से गुजारिश करूंगा कि हमारी शोक-संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

श्री गौरी शंकर भइया, श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय, श्री विचित्र नारायण शर्मा, श्री बाबू लाल गोयल जी के निधन पर माननीय नेता सदन, नेता विपक्ष एवं अन्य दलों के सम्मानित नेताओं ने जो विचार व्यक्त किए हैं मैं अपने को उनसे सम्बद्ध करता हूं । श्री गौरी शंकर भइया जी ने इस देश में आपात् काल के दौरान स्व० लोक नायक जय प्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दिया । आपात् काल के दौरान आन्तरिक सुरक्षा कानून और भारतीय रक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जेल की यातना सही । 1977 में पहली बार जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर इस सदन के सदस्य निर्वाचित होकर आए और चार बार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे । बहुत अल्प आयु में मृत्यु के क्रूर हाथों ने इस तेजस्वी युवा नेता को हमसे छीन लिया श्री गौरी शंकर भइया के असामयिक निधन पर मैं तथा अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी और हमारी पार्टी की शोक-संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री विचित्र नरायण शर्मा जी की राष्ट्रीय आन्दोलन में गांधी जी के नेतृत्व में उनकी अग्रणी भूमिका थी । छात्र जीवन से ही बापू के आवाहन पर विद्यालय छोड़कर राष्ट्रीय आन्दोलन के महायज्ञ में अपना योगदान देने के लिए उन्होंने संकल्प लिया । शर्मा जी इस देश के अन्दर खादी आन्दोलन और गांधी आश्रम की नींव डाली । महात्मा गांधी जी की स्वदेशी आन्दोलन की अवधारणा को सफल बनाने में विचित्र नरायण शर्मा जी एक स्तम्भ के रूप में याद किए जाएंगे । इस देश में स्वदेशी आन्दोलन को सर्वाधिक ख्याति शर्मा जी ने दिलवाई । मैं श्री विचित्र नरायण शर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप मेरी और मेरे दल की संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय जी आदरणीय शर्मा की तरह स्वाधीनता संग्राम के सेनानी रहे । वह महात्मा गांधी जी के पक्के अनुयायी रहे । पाण्डेय जी का योगदान काव्य में, साहित्य में, संस्कृति में और

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

इतिहास में बराबर याद किया जाता रहेगा । पाण्डेय जी इस सम्मानित सदन के एक बार सदस्य रहे । पाण्डेय जी के निधन से इस प्रदेश और देश ने एक कुशल नेता, समाज सेवी, इतिहासकार खो दिया । मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके परिवार तक हमारी शोक-संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री बाबू लाल गोयल जी भारतीय जनता पार्टी से 1991 के मध्यावधि चुनाव में निर्वाचित होकर इस सदन के सदस्य रहे । उन्होंने सम्पूर्ण जीवन काल अपने विचारों के प्रति प्रतिबद्ध होकर बराबर जनता की सेवा की । गोयल जी के निधन से इस प्रदेश ने और आगरा जनपद ने एक कुशल नेता खो दिया है। मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से शोक-संवेदना अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके परिवार तक हमारी शोक-संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री राम कृपाल–

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे 4 भूतपूर्व साथी हमारे बीच नहीं रहे हैं । उनके बारे में माननीय नेता सदन, नेता विरोधी दल एवं अन्य माननीय नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं, उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं, मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरा और मेरे दल की शोक-संवेदनायें उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

[माननीय नेता जनता दल (राजाराम पाण्डेय) के अनुपस्थित होने पर]

वन मंत्री (श्री रघुबर दयाल वर्मा)–

माननीय अध्यक्ष जी, श्री गौरी शंकर भइया, श्री विचित्र नारायण शर्मा, श्री विशम्भर नाथ पाण्डेय एवं श्री बाबू लाल गोयल जी के सम्बन्ध में माननीय नेता सदन, नेता विरोधी दल एवं अन्य दलों के माननीय नेताओं ने जो शोक भाव व्यक्त किये हैं, उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं । श्रीमन्, श्री गौरी शंकर भइया हमारे साथ समाजवादी आन्दोलन से जुड़े हुये एक नौजवान व्यक्ति थे । हमारे साथ ही विधान सभा में रहकर उन्होंने किसानों, मजदूरों के सवालों को विधान सभा में उठाया, वह बहुत ही जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे । श्रीमन्, आपात् काल में जय प्रकाश जी के आन्दोलन में उन्होंने आगे आकर के जो भूमिका निभायी वह हमेशा याद रहेगा । श्री गौरी शंकर भइया का असामयिक निधन दुर्घटनावश हो गया । हमें उनके इस निधन पर हार्दिक दुःख है ।

श्री शर्मा जी और पाण्डेय जी ने राष्ट्रीय आन्दोलन में रहकर हमारे देश की तथा विधान सभा में रहकर हमारे प्रदेश की जो सेवायें की हैं वह हमेशा याद रहेगी ।

श्री बाबू लाल जी गोयल, हमारे बहुत निकट के साथी रहे हैं, वह आगरा जनपद के रहने वाले थे । उन्होंने हमेशा सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका अदा की । जनसेवा में उनकी विशेष अभिरुचि थी । उनके निधन से आगरा जनपद ने एक समाजसेवी व्यक्तित्व को खो दिया है । इन शब्दों के साथ मेरा आपसे अनुरोध है कि हमारी शोक-संवेदनायें उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

* श्री भरत सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, अभी पिछले दिनों जनपद बलिया के कोपाचीट विधान सभा क्षेत्र के विधायक रहे श्री गौरी शंकर भइया की असामयिक मृत्यु हो गयी । गौरी शंकर भइया बलिया जनपद में छात्र राजनीति के अगुवा रहे हैं, जे०पी० मूवमेण्ट में बढ़-चढ़कर भाग लिया । इमरजेंसी में मीसा में बन्द रहे । सन् 1977 से लेकर 1989 तक लगातार चार बार विधायक रहे हैं । ऐसे गौरी शंकर भइया की मृत्यु से जनपद बलिया और पूर्वांचल की अपार क्षति हुई है । मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि ईश्वर उनके शोक-संतप्त परिवार को शांति दे । गौरी शंकर भइया का सबसे बड़ा बच्चा 13 वर्ष का है, उनका परिवार बड़े संकट में है । इन शब्दों के साथ मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

विधान सभा के पिछले उपवेशन और आज के बीच में इस विधान सभा के चार पूर्व माननीय सदस्यों का निधन हो गया । सभी ने भिन्न-भिन्न समय पर इस सदन की सेवा विभिन्न रूप में की । श्री गौरी शंकर भइया चार बार इस सम्मानित सदन के सदस्य थे और उनमें से दो बार मुझे उनके साथ इस सदन का सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है । अपने सरल स्वभाव, राजनीतिक प्रतिबद्धता, गम्भीर विचार-शैली के कारण श्री गौरी शंकर भइया सहज ही हम सबके आकर्षण के केन्द्र थे । एक बहुत ही सक्रिय सदस्य के रूप में उन्होंने अपनी भूमिका का निर्वाह किया ।

स्वर्गीय श्री विचित्र नारायण शर्मा मृत्युपर्यन्त गांधी युग से वर्तमान युग को जोड़े रहे । स्वदेशी और आर्थिक आत्मनिर्भरता उनका मूल मंत्र रहा । उनकी सेवाओं के लिये 24 नवम्बर, 1992 को इस सदन में उन्हें सम्मानित भी किया गया था ।

स्वर्गीय श्री विश्वम्भर नाथ पाण्डेय से मैं व्यक्तिगत रूप से परिचित था । मुझे बहुत अच्छी तरह से स्मरण है, जब 1952 में वह इलाहाबाद से चुनाव लड़े थे, उसी समय से उनके राजनीति व्यक्तित्व की छाप राजनीतिक क्षेत्र में पड़ने लगी थी और धीरे-धीरे वह प्रदेश और अखिल भारतीय स्तर तक दिखाई पड़ी । वह कांग्रेस के न केवल समर्पित कार्यकर्ता वरन् एक प्रसिद्ध योद्धा के रूप में उभरकर सामने आये। वह महात्मा गांधी के अनुयायी थे तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू के वह बहुत निकट थे । एक इतिहासकार के रूप में अपनी दृष्टि से उन्होंने इतिहास को लिखने का प्रयास किया । एक साहित्यकार के रूप में उनकी रचनायें बहुत प्रसिद्ध हैं । एक कवि के रूप में भी लोगों ने उन्हें देखा है, उनको भी 24 नवम्बर, 1992 को इस सदन की सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया था ।

श्री बाबू लाल गोयल यद्यपि एक ही बार इस सदन के सदस्य रहे, लेकिन शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से वह शिक्षा जगत की लगातार सेवा करते थे । वह काफी समय तक ग्राम प्रधान रहे । इन चारों दिवंगत नेताओं के निधन से देश में, प्रदेश में एक अभाव सा लग रहा है, अत्यन्त अपूर्णनीय क्षति हुई है, उसे पूरा कर पाना कठिन है । माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष तथा अन्य दल के नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं, मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं और इन संवेदनाओं को मैं उनके शोक-संतप्त परिवारजनों तक पहुंचा दूंगा । अब मैं सबसे अनुरोध करता हूं इन चारों दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट मौन धारण करें ।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी माननीय सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए)

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

* श्री संजय गर्ग–

मान्यवर, इस सदन में जिन दिवंगत लोगों के शोकोद्गार प्रकट किये गये हैं, उसमें जिला सहारनपुर से दो बार निर्वाचित इस सदन के सदस्य श्री (डा०) जय गोपाल जी का नाम छूट गया है, वह वर्ष 1956 तथा 1962 में निर्वाचित होकर इस सदन में आये ।

श्री अध्यक्ष–

पहले अधिकृत सूचना आ जाने दीजिये । हम लोग पहले जिलाधिकारी से पुष्टि कराते हैं, उसके पश्चात् सदन में लाते हैं । पुष्टि हो जायेगी तो उनके निधन का निदेश यहां आ जायेगा ।

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल श्री दरबारा सिंह के निधन पर शोकोद्गार

* मुख्य मंत्री (श्री कल्याण सिंह)–

माननीय अध्यक्ष जी, एक और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राजस्थान के राज्यपाल श्री दरबारा सिंह भी हमारे बीच में अब नहीं रहे हैं । वह उस उस पीढ़ी के महान व्यक्ति थे जिस पीढ़ी ने देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर किया । उस पीढ़ी के प्रति समूचा देश और समूचा समाज चिर-ऋणी रहेगा क्योंकि उनकी त्याग, तपस्या और बलिदान के फलस्वरूप आज हम सब आजाद देश के आजाद नागरिक की सम्मानित जिन्दगी जी रहे हैं ।

श्रीमन्, श्री दरबारा सिंह जी का निधन 24 मई, 1998 को हो गया । उनका जन्म 25 फरवरी, 1927 में लायलपुर जनपद में हुआ था जो आजकल पाकिस्तान में है । वह 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में कूदे थे । देश की आजादी की लड़ाई में भाग लिया था । देश आजाद होने के पश्चात् 1964 में वह वहां के जिला परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए, 1967, 1969 और 1972 में पंजाब विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए, 1972 से 1973 के बीच पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष रहे, 1968–1969 तक वह उप मंत्री रहे, 1 मई, 1998 को वह राजस्थान के राज्यपाल बने । उन्होंने सादा जीवन जिया, उच्च विचारों से समाज को प्रेरित किया । उनके निधन से देश ने एक महान स्वतंत्रता सेनानी और एक महान समाजसेवी खो दिया है । मैं अपनी ओर से और सदन की ओर से उनके प्रति पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शांति दे, सद्गति दे और उनके सम्पूर्ण शोकाकुल परिवार को इस गहरे आघात को सहन करने की क्षमता दे । मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरी यह शोक-संवेदनाएं उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

*नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, मैं माननीय नेता सदन के विचारों से अपने को सम्बद्ध करते हुए कहना चाहता हूं कि स्वर्गीय दरबारा सिंह जी हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में से एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने 1942 में स्वतंत्रता संग्राम में कूदकर अग्रणी भूमिका निभाई थी । उन्होंने अपने त्याग और बलिदान से, त्याग और तपस्या से देश को आजाद कराया लेकिन वह अल्पायु में ही हमसे बिछुड़ गये । परन्तु उन्होंने अपने 71 वर्ष के जीवन में समाज और देश के लिए जो किया है वह हमेशा यह देश और समाज याद करता रहेगा । समाज सेवा के कारण ही वह तीन बार विधान सभा के सदस्य चुने गये और एक वर्ष तक

लगभग वह पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष भी रहे और लगभग एक वर्ष तक ही पंजाब सरकार में उप मंत्री भी रह चुके थे । श्रीमन्, 1 मई को ही उन्होंने राज्यपाल के रूप में कार्य प्रारम्भ किया था । उनकी सेवाएं समाज को और आगे न मिल पायें, देश को उच्च विचार प्राप्त न होने पाये, ईश्वर को यही मंजूर था कि वह उनके सानिध्य में रहें इसलिए उनका स्वर्गवास सम्भवतः हुआ । आज जो विचार उन्होंने दिये, उन्होंने जो सेवाएं कीं उसके आधार पर हम उत्तर प्रदेश में रहकर इस विधान सभा में उनके प्रति अपनी शोक-संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं । अगर वे महान व्यक्ति न होते, देश के लिये उनकी सेवायें नहीं होतीं और प्रदेश तक ही सीमित रहे होते, तो शायद हम उनको यहां याद नहीं करते । श्रीमन्, मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से और सम्पूर्ण सदन की ओर से ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वे उनकी आत्मा को शाश्वत शांति दे और शोक-संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी शोक श्रद्धांजलि उनके प्रति अर्पित करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी यह शोक-संवेदनायें उनके परिवारजन तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

मान्यवर, श्री दरबारा सिंह जी एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कुशल प्रशासक थे और बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्ति थे । विधान परिषद् में और विधान सभा में माननीय सदस्य के रूप में रहकर जनता की समस्याओं को समय-समय पर उठाते रहे और उन्हें मंत्री के रूप में भी काम करने का मौका मिला और लोक सभा के भी माननीय सदस्य के रूप में सेवा करने का उन्हें सुअवसर मिला और उनकी इस बहुमुखी प्रतिभा को देखकर उन्हें राजस्थान में राज्यपाल के रूप में भी काम करने का सुअवसर मिला । ऐसी बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री दरबारा सिंह जी आज हमारे बीच में नहीं हैं हम इस बहुआयामी नेता के निधन से दुखी हैं और इस दुखद घड़ी पर हम अपनी ओर से एवं अपने समस्त माननीय सदस्यों की ओर से शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं आपसे अनुरोध करते हैं कि उनके शोक-संतप्त परिवार तक हमारी भावनायें, हमारे सब साथियों की ओर से व्यक्त की गयीं शोक-संवेदनायें पहुंचाने का कष्ट करें ।

लघु सिंचाई ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, इस देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री दरबारा सिंह के निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष तथा माननीय नेता बहुजन समाज पार्टी ने जो भावनायें व्यक्त की हैं हम अपने दल को भी उससे सम्बद्ध करते हैं । मान्यवर, मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से स्व० श्री दरबारा सिंह जी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । मैं अपने दल तथा अपनी ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारे ये शोक-संवेदना के भाव उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

(नेता, लोकतांत्रिक कांग्रेस पार्टी का नाम पुकारे जाने पर, वह खड़े नहीं हुए ।)

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, श्री दरबारा सिंह जी के निधन से एक ऐसे व्यक्ति के जीवन का सूर्यास्त हुआ, जिनका राजनैतिक जीवन क्रांतिधाम से प्रारम्भ होकर, जिला पंचायत से प्रारम्भ होकर, विधान सभा की इस गरिमामयी अध्यक्षपीठ तथा राज्यपाल तक रहा । वह एक कुशाग्र विद्यार्थी के रूप में इंजीनियर भी बने परन्तु उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र को चुना । शिक्षा क्षेत्र में विशेष रुचि होने के कारण वह कई शिक्षण

अपनी ओर से तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारे ये शोक-संदेश उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

मान्यवर, एक आग्रह और करना चाहता हूं, इसे आप अन्यथा न लें, आज राज्य सभा और विधान परिषद् के चुनाव हैं, तो जब कल से स्वर्गीय सम्मानित सदस्यों के प्रति जब इस आदरणीय सदन के माननीय सदस्य अपनी भावनायें व्यक्त कर रहे हों, तो उसे चुनाव के दिन न रखें। यहां पर सदस्यों की संख्या को देखकर भी मुझे दुख हो रहा है क्योंकि जिस रूप में हम भावनायें व्यक्त करना चाहते हैं, उस रूप में नहीं कर पाते हैं, इसलिये मेरा पुनः आग्रह है कि शोक-संवेदनायें आप चुनाव के दिन निर्धारित न करें।

श्री कौकब हमीद–

श्री दरबारा सिंह, भूतपूर्व राज्यपाल (राजस्थान) जी का व्यक्तित्व किसी की तारीफ का मोहताज नहीं है। वह एक महान नेता तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, उनके निधन से केवल इस सदन को ही नहीं अपितु पूरे देश को धक्का लगा। वह एक कुशल व्यक्ति थे, जिस-जिस पद पर भी वह रहे, उस पर उन्होंने कुशलतापूर्वक कार्य किया। मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से शोक-संवेदना प्रकट करता हूं और आपसे गुजारिश करता हूं कि शोक-संवेदना के ये भाव उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय श्री दरबारा सिंह जी के निधन से, न केवल पंजाब ने अपितु इस देश ने एक महान नेता व कुशल प्रशासक खो दिया है। श्री सिंह स्वतंत्रता संग्राम के एक महान सेनानी थे तथा राष्ट्रीय आन्दोलन के क्षितिज के एक देदीप्यमान नक्षत्र थे, उनके निधन से उस नक्षत्र का अस्त हो गया। सम्पूर्ण जीवन भर उन्होंने अपने तरीके से और अपने विचारों से इस देश की भरपूर सेवा की। आज उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। मैं अपनी ओर से तथा अपनी पार्टी की ओर से उन्हें शोक-श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे शोक-संवेदना के भाव उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

* श्री राम कृपाल–

मान्यवर, श्री दरबारा सिंह जी के निधन से न केवल पंजाब ने अपितु देश ने एक अच्छा नेता खो दिया है। माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बहुजन समाज पार्टी, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेता भारतीय किसान कामगार पार्टी ने जो विचार प्रकट किये हैं, उन विचारों से अपने को जोड़ते हुए आपसे चाहूंगा कि हमारे भी शोक-संवेदना के भाव उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

(श्री राजाराम पाण्डेय जी का नाम पुकारे जाने पर वह उपस्थित नहीं थे)

वन मंत्री (श्री रघुबर दयाल वर्मा)–

मान्यवर, माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा अन्य माननीय नेताओं ने जो श्री दरबारा सिंह जी के संबंध में शोकोद्गार व्यक्त किये हैं, मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करते हुये यह कहना चाहूंगा कि उनके द्वारा जो सेवाएं की गयी हैं, देश के लिए वह हमेशा याद रहेंगी। उनके निधन से इस देश को

क्षति हुई है । मेरा आपसे अनुरोध है कि हमारी शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

श्री अध्यक्ष–

राजस्थान के राज्यपाल पद पर आसीन रहते हुए देश के सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, श्री दरबारा सिंह जी का निधन हो गया । एक इंजीनियर के रूप में उनके सामने सफल जीवन था, लेकिन देश भक्ति से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया । अपना राजनीतिक जीवन ग्राम सभा से शुरू कर वे लोक सभा के सदस्य हुए और फिर राजस्थान के राज्यपाल हुए । वे तीन बार पंजाब विधान सभा के लिए सदस्य चुने गये, एक बार पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष रहे तथा एक बार पंजाब सरकार में उप मंत्री रहे । इन्हीं सेवाओं के कारण उन्हें राष्ट्रीय सम्मान मिला । उनके निधन से आज हम सभी दुखी हैं । माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा अन्य नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं मैं उससे अपने को सम्बद्ध करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे । माननीय प्रमोद कुमार जी ने जो विचार निधन के निदेश के दिनों के संबंध में व्यक्त किये है उस पर मैं ध्यान रखूंगा । थोड़ी सी हमारी भी संवेदनहीनता प्रतीत होती है । अब मैं आप लोगों से अनुरोध करूंगा हम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करें । (दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए सभी माननीय सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

मैं आप सभी की भावनाएं उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचा दूंगा । अब हम उठते हैं, कल 11.00 बजे पुनः मिलेंगे ।

(इसके बाद सदन 12 बजकर 45 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हुआ)

लखनऊ :
18 जून, 1998

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

पी० एस० यू० पी०–एल० 195 विधान सभा (287)–1998–813 (डी० टी० पी०) ।